तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 13.3 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



जलकुम्भी के कारण जोरापारा तालाब पूरी तरह प्रदूषित हो गया है।



## खबर संक्षेप

### स्वामी शिवानंद महाराज आएंगे आज

**बिलासपुर।** श्री श्री 108 स्वामी शिवानंद महराज का 20 नवंबर गुरुवार की सुबह 10 बजे सुबह आगमन होगा।



धौराभाठा बिल्हा भुलकेश्वर महादेव आश्रम समिति तिफरा के सदस्य महेन्द्र बंटी साहू ने बताया कि मार्गशीर्ष अमावस्या स्नानदान, हवन, पूजन, नवनिर्मित सिद्धबाबा मंदिर का प्रतिष्ठा कार्यक्रम, श्री रामचरित मानस गायन, भंडारा भोज व अन्य कार्यक्रम में शिवानंद महाराज शामिल होंगे। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों के अलावा अन्य को भी आमंत्रित किया गया है।

### आयुर्वेद क्षार सूत्र चिकित्सा परामर्श शिविर कल से

**बिलासपुर।** तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद क्षार सूत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन संजीवनी क्लीनिक पंचकर्म एवं क्षार सूत्र चिकित्सा केन्द्र कोनी में 21 से 23 नवंबर तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार के गुदागत विकार जैसे बवासीर, भंगदर, गुदाद्वारा में कट लग जाना कांच, पाइलोनिडल साइनस एवं अन्य पेट से संबंधित विकारों का परीक्षण होगा।

### नहर क्षतिग्रस्त, निगम को कम मिलेगा पानी

**बिलासपुर।** खारंग जलाशय की दायीं तट के नहर आरडी 1300 मीटर से 1500 मीटर तक नहर बैक के विभिन्न भाग क्षतिग्रस्त होने से पानी का रिसाव होने के कारण आवश्यक मरम्मत कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा 21 नवंबर से किया जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान उक्त नहर से नगर निगम के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट को प्राप्त होने वाला जल प्रदाय बाधित रहेगा। दरअसल नगर निगम के समस्त उच्चस्तरीय जलागार को भरने का कार्य वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट से प्राप्त जल से किया जाता है। नहर से जल प्राप्त नहीं होने की दशा में नगर निगम द्वारा नलकूपों के माध्यम से उच्चस्तरीय जलागार को भरने का कार्य किया जाएगा।

### हावड़ा मेल में कर्मचारियों की विशेष काउंसलिंग

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिसर एवं चलती ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीसीई/बिलासपुर, स्टेशन सुपरिटेंडेंट कमर्शियल, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा सीएचआई/बिलासपुर द्वारा 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस में कार्यरत स्टाफ एवं पैंट्रीकार के सभी कर्मचारियों को गार्बेज डिस्पोज़ल मैनेजमेंट की प्रक्रियाओं, मानकों के संबंध में विस्तृत काउंसलिंग दी गई।

# सीएसआर से नहीं मिले 6 करोड़, पशु विभाग से एनओसी भी अटकी

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचों-बीच बुजुर्गों और बच्चों के लिए बनने वाली लाइब्रेरी का मामला अटक गया है। यह लाइब्रेरी सिटी कोतवाली के सामने पशु औषधालय की जमीन पर बनाई जानी थी। इसके लिए टेंडर कर दिया गया है लेकिन एसईसीएल ने सीएसआर मद से 6 करोड़ की राशि अभी तक नहीं दी है। इसके साथ ही अब इस प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी नहीं बल्कि हाउसिंग बोर्ड बनाएगा। हाउसिंग बोर्ड की ओर से वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह पर काम करने की अनुमति मांगी गई है। दरअसल यह जमीन वेटनरी डिपार्टमेंट की ही है। गौरतलब है कि योजना के तहत शहर के एकमात्र और पुराने शासकीय पशु औषधालय का उन्नयन भी किया जाएगा। अभी पशु औषधालय में बेहतर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे बेहतर बनाया जाएगा, डॉक्टरों के बैठने और इलाज के लिए कैबिन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन, पानी की सुविधा समेत अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

**अब हाउसिंग बोर्ड बनाएगा बुजुर्गों और बच्चों के लिए लाइब्रेरी**



अलग खबर

- पशु औषधालय के पीछे बनाई जानी है लाइब्रेरी, औषधालय का भी होगा उन्नयन
- हाउसिंग बोर्ड द्वारा वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह की मांग की गई

ज्ञात हो कि युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात देने के बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शहर के बीचों बीच हृदय स्थल सिटी कोतवाली के पास एक और सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए टेंडर किया गया था। अब इस प्रोजेक्ट को लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने अपने हाथ में ले लिया है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा ही निर्माण के साथ ही पूरी व्यवस्था की जाएगी। ध्यान रहे कि इस लाइब्रेरी की खासियत होगी की यह छोटे बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी,जहां बच्चे खेल और मनोरंजन के माध्यम से पढ़ाई और अतिरिक्त पाठ्येत्तर गतिविधियां सीखेंगे तो वहीं वरिष्ठ नागरिक क्वालिटी टाइम व्यतीत कर सकेंगे। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए पुस्तकें,न्यूज पेपर,काफी टेबल बुक जैसी सुविधाएं मिलेगी। बच्चों के लिए भी पुस्तक और अन्य सुविधाएं मौजूद रहेगी।

### खेल के साथ पढ़ाई भी कर सकेंगे छात्र, बुजुर्गों को मिलेगा बेहतर स्थान

अधिकारियों के अनुसार यह शहर की पहली ऐसी लाइब्रेरी होगी जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों को समर्पित होगी। इस तरह की लाइब्रेरी की जरूरत काफी दिनों से महसूस की जा रही थी,जहां वरिष्ठ नागरिक समय व्यतीत कर सकें। दरअसल अपने कार्यों से निवृत्त हो चुकें वरिष्ठ नागरिकों के लिए शहर के उद्यानों के अलावा ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां वें मेल मिलाप कर सकें और पठन पाठन कर पाएं। इस लाइब्रेरी के निर्माण के बाद बुजुर्ग यहां बैठकर न्यूज पेपर, पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। लाइब्रेरी में छोटे बच्चों के लिए ऐसा डिजाइन तैयार किया जाएगा जहां बच्चों को पढ़ाई और अन्य चीजों के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स मटेरियल भी लाइब्रेरी में होगी,जिससे बच्चे खेल के माध्यम से पढ़ेंगे और सीखेंगे भी।

#### 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी

फिलहाल जो प्रोजेक्ट बना है उसके मुताबिक सीएसआर मद से 5 करोड़ 78 लाख की लागत से पशु औषधालय के पीछे 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी है। लाइब्रेरी बिल्डिंग दो मंजिला होगी। इसमें ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर होंगे। जहां बैठने के लिए कुर्सी टेबल, एसी,बाथरूम समेत सभी आवशयक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। लाइब्रेरी बिल्डिंग में रैन हार्वेस्टिंग और फायर फाइटिंग सिस्टम भी इंस्टाल किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक शहर के बीचों बीच बनने से इस लाइब्रेरी का उपयोग सभी क्षेत्र के बुजुर्ग और बच्चे कर सकेंगे।

#### किड्स प्ले एरिया और कैफे भी रहेंगे लाइब्रेरी में

लाइब्रेरी में बच्चों के लिए किड्स प्ले एरिया रहेगा जहां आकर्षक चित्रकारी,खेल-कूद का साधन होगा। यहां बच्चे खेल कूद कर सकेंगे और उसके साथ पढ़ाई और अन्य गतिविधियां भी। लाइब्रेरी में कैफे भी होगा,जहां चाय-काफी के अलावा हेल्दी फूड उपलब्ध होगा। इसके साथ ही छोटा सा लॉन होगा जहां टहला जा सकेगा। पार्किंग की भी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

#### सभी सुविधाएं रहेंगी

शहर में हमारे वरिष्ठ नागरिक और बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना है, जहां वरिष्ठ नागरिक अध्ययन के साथ क्वालिटी टाइम बीता सकेंगे और बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए भी पूरी सुविधाएं मौजूद रहेगी। सीएसआर मद से कार्य किया जाएगा,इसके लिए टेंडर जारी किया गया था। अब पूरा काम हाउसिंग बोर्ड की ओर से किया जाएगा। वेटनरी डिपार्टमेंट से जमीन पर काम करने के लिए एनओसी मांगी गई है।

**- अमित कुमार,** एमडी बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में डूबकर छात्र की मौत का मामला

# तालाब में गिरा था छात्र, सुरक्षा अधिकारी हास्टल वार्डन के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल यूनिर्वसिटी के तालाब में डूबकर छात्र की मौत होने के मामले में 28 दिनों तक जांच की गई। जांच में छात्र की तालाब में डूबकर मौत होने व फिसलन में गिरते समय उसके सिर में चोट आना बताया गया है। तालाब के आसपास सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर सुरक्षा अधिकारी, हास्टल वार्डन व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

23 अक्टूबर को सेंट्रल यूनिर्वसिटी के तालाब में छात्र बिहार छपरा कादीपुर निवासी अर्सलान अंसारी की लाश मिली थी। मृतक जीजीयू कैम्पस के स्वामी विवेकानंद हास्टल में रहकर बीएससी फिजिक्स थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। मृतक 21 अक्टूबर से हास्टल से लापता हो गया था और हास्टल प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं थी। लाश मिलने के बाद 25 अक्टूबर को प्रबंधन के द्वारा उसके लापता होने की कोनी थाने में रिपोर्ट लिखाई गई थी। परिजन व छात्र संगठन के द्वारा हत्या का आरोप लगाने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले की जांच के लिए कोतवाली सीएसपी आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में 6 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया था। पोस्टमार्टम के बाद डाक्टर ने बिसरा जांच के लिए फ्रिजर कर दिया था। बिसरा रिपोर्ट में खुलासा हुआ छात्र की तालाब में डूबने से मौत हुई है। तालाब में फिसलन के दौरान उसके सिर में चोट आना बताया गया है। विशेष टीम की जांच में पाया गया फिसलनयुक्त गहरे तालाब में वर्जित क्षेत्र पटल, सुरक्षा बाड़ा नहीं लगाने, छात्र सुरक्षा के उत्तरदायित्वों का निर्वहन नहीं करने के परिणामस्वरूप मृतक अर्सलान अंसारी की मृत्यु हुई है। सुरक्षा अधिकारी, वार्डन एवं अन्य के द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही बरतना पाया गया है। पुलिस ने सुरक्षा अधिकारी, वार्डन एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।



सेंट्रल विवि परिसर तालाब में मिली लाश लापता छात्र की ही निकली

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**बिसरा रिपोर्ट में हुआ खुलासा :** छात्र के शव के पोस्टमार्टम के बाद डाक्टरों ने जांच के लिए बिसरा फ्रिजर कर दिया था। एफएसएल के वैज्ञानिक अधिकारी से मिली रिपोर्ट में बिसरा परिक्षण रिपोर्ट हिष्टोपैथोलॉजी परीक्षण रिपोर्ट, डायटम परीक्षण रिपोर्ट, रिकंसट्रशन रिपोर्ट आदि जांच में पाया गया कि मृतक अर्सलान अंसारी की मृत्यु 21 अक्टूबर के 5.15 बजे 23 अक्टूबर के 1 बजे के मध्य सरस्वती मुक्ताकाश के पास तालाब किनारे गिरने से सिर में आई चोट व पानी में डूबने से हुई है।

#### एफआईआर में किसी का नाम नहीं

कोनी पुलिस ने जांच के बाद लापरवाह सुरक्षा अधिकारी, वार्डन व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। किन्तु लापरवाह अधिकारी, वार्डन का नाम नहीं लिखा गया है। बताया जाता है उस दौरान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुपरवाइजर व 4 वार्डन उपस्थित थे। छात्र की मौत के बाद छात्र संगठन के द्वारा लगातार सेंट्रल यूनिर्वसिटी में विरोध प्रर्दशन किया जा रहा था। दो दिन पहले कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रर्दशन कर एफआईआर की मांग की गई थी।

#### जुर्म दर्ज किया गया

बिसरा रिपोर्ट से खुलासा हुआ छात्र की फिसलकर गिरने से तालाब में डूबकर मौत हुई है। तालाब की सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर सुरक्षा अधिकारी, वार्डन व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

**- गगन कुमार** आईपीएस कोतवाली सीएसपी

#### प्रबंधन से जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारियों की ली जाएगी जानकारी

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी, वार्डन व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की यूनिर्वसिटी प्रबंधन के द्वारा कमेटी बनाकर मामले की जांच की जा रही है। प्रबंधन से घटना के दौरान जिम्मेदार सुरक्षा अधिकारी, वार्डन, गार्ड सहित अन्य लोगों की जानकारी लेने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।



जांच करती एसीबी की टीम।

## आरआई के मकान में एसीबी का छापा

**बिलासपुर।** एसीबी की टीम ने पटवारी से आरआई प्रमोशन घोटाला मामले में सूरजपुर आरआई के बाजपेयी कैसल स्थित मकान में दबिश दी। अधिकारियों के द्वारा उनसे पूछताछ कर दस्तावेजों का रिकार्ड खंगाला कर महतपवूर्ण दस्तावेज जब्त किया गया है।



वह मकान जहां एसीबी का छापा पड़ा।

एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, आरआई प्रमोशन घोटाला प्रकरण ब्यूरो के अपराध क्रमांक 64/25, धारा 7 सी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम 2018 एवं 420, 467, 468, 471, 120 बी, 18 नवंबर को पंजीबद्ध किया गया है। इसी तारतम्य में परीक्षा संचालन समिति के अंतर्गत प्रश्नपत्र मुद्रण एवं वितरण कार्य मे लगे हुए अधिकारी, कर्मचारी को प्रमोशन दिलाने के लिए लायजनिंग में लगे हुए अधिकारियों, कर्मचारियों के निवास स्थानों परिसरों एसीबी टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार की सुबह बिलासपुर एसीबी की 10 सदस्यीय टीम ने सूरजपुर जिले में पदस्थ आरआई अभिषेक सिंह के मिनोचा कालोनी के पीछे बाजपेयी कैसल स्थित मकान में दबिश दी। उस दौरान अभिषेक सिंह घर में उपस्थित थे। अधिकारियों के द्वारा अभिषेक सिंह एव घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की गई। उसके बाद डिजिटल साक्ष्य, लेनदेन संबंधी एग्रीमेंट अन्य दस्तावेज बरामद किया गया है। दस्तावेजों का विश्लेषण एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## एक और हास्टल अधीक्षक को हटाया गया, सुरक्षा अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा स्वामी विवेकानंद ब्वायस हास्टल के एक और हास्टल अधीक्षक को हटा दिया गया है। अभी तक 6 हास्टल अधीक्षकों को हटाया जा चुका है और हाउसकीपिंग दो ठेका कर्मचारियों को भी हटाया गया है। लेकिन यूनिवर्सिटी के सुरक्षा अधिकारी पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसे लेकर छात्र संगठनों में चर्चा बनी हुई है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विवेकानंद बालक छात्रावास के अधीक्षक रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विज्ञानेश्वर मंडल के स्थान पर गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष वर्मा को स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके पहले सोमवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पांच हास्टल अधीक्षकों को हटाकर उनकी



जगह पर दूसरे शिक्षकों को हास्टल अधीक्षक बनाया गया था। इसमें डॉ. महेश सिंह ढपोला सह आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग के स्थान पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो. निशांत यादव उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रो. जय सिंह आचार्य भौतिकी विभाग को स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास के अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। डॉ. संजय कुमार भारती सह आचार्य फार्मेसी विभाग के स्थान पर फार्मेसी विभाग के ही आचार्य प्रो. जगदीश सिंह स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ. अमरेन्द्र कुमार सह आचार्य वाणिज्य विभाग के स्थान पर वाणिज्य विभाग के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. कुमार आदित्य को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक अग्निवेश पाण्डेय के स्थान पर इलेक्ट्रानिक्स कंम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रवण कुमार पटेल को वर्तमान दायित्वों के साथ स्वामी विवेकानंद बालक छात्रावास का प्रशासनिक अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

#### छात्र संगठनों ने सुरक्षा अधिकारी को हटाने की थी मांग

सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा भले ही इस फेरबदल को छात्रावासों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए बताया जा रहा है। लेकिन सभी को पता है कि यूनिवर्सिटी के हास्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र अर्सलान अंसारी की लाश परिसर के तालाब में मिलने की घटना को लेकर लगातार छात्र संगठनों के विरोध प्रदर्शन, आंदोलन के बाद यूनिवर्सिटी को हास्टल अधीक्षकों को बदलने का निर्णय लेना पड़ा। छात्र संगठनों द्वारा इस घटना के चलते बार-बार यूनिवर्सिटी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी ऊंगली उठाई जा रही है और सुरक्षा अधिकारी को हटाने की मांग की जा रही थी, किन्तु यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अभी तक यूनिवर्सिटी के सुरक्षा अधिकारी को हटाया नहीं गया है। इसे लेकर छात्र संगठनों में चर्चा भी बनी हुई है कि हास्टल अधीक्षकों को हटाया गया पर सुरक्षा अधिकारी को क्यों बक्शा जा रहा है।

#### बदले गए अधिकारी

इस मामले में पुलिस की ओर से एफआईआर किए जाने की जानकारी मिली है। यूनिवर्सिटी की ओर से हास्टल अधीक्षकों को हटाकर उनकी जगह दूसरे अधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। सुरक्षा अधिकारी नहीं बदले गए हैं, बल्कि बाद में एक और हास्टल अधीक्षक को बदला गया है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

- रतनपुर- केंदा सड़क पर 17 मवेशियों की तेज रफ्तार हाइवा से कुचलकर हुई मौतों का मामला

# गायों की मौत होने पर अफसरों के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर- केंदा सड़क पर 17 मवेशियों की तेज रफ्तार हाइवा से कुचलकर हुई मौतों पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा है कि हाई कोर्ट इस मामले की मॉनिटरिंग कर रहा है, इसके बाद भी लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। पहले भी सुनवाई के दौरान नगर निगम से लेकर पंचायतों तक जवाबदेही तय की गई थी, लेकिन अब भी ऐसी घटनाएं होना दुखद है। कोर्ट ने सख्त रवैय्या अपनाते हुए कहा कि अब जवाबदेही तय करते हुए संबंधित अधिकारियों की सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज करने को कहना पड़ेगा। शासन की ओर से कहा गया पुलिस ने आरोपी चालक के साथ-साथ मवेशी मालिकों के खिलाफ भी एफआईआर की है।




गौरतलब है कि सड़कों पर मवेशियों की मौतों को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने एसओपी लागू करने की जानकारी दी थी। इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा था कि यह एसओपी सिर्फ कागजों तक सीमित न रह जाए, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर सख्ती से लागू किया जाए। आवारा पशु केवल ग्रामीणों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक सार्वजनिक सुरक्षा का मुद्दा है। इसके बाद भी लेकिन रतनपुर- केंदा सड़क पर 17 मवेशियों की तेज रफ्तार हाइवा से कुचलकर मौत हो गई थी। इसकी सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने बताया कि एसओपी लागू की गई है। अब राज्य सरकार नगरीय निकायों से लेकर पंचायतों तक इस तरह की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय करने जा रही है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि सिर्फ जवाबदेही तय न करें, बल्कि जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अफसर-कर्मचारी के सर्विस रिकॉर्ड में इसे दर्ज किया जाए।

#### अब तक कई बार सुनवाई

हाईकोर्ट में वर्ष 2019 में दो अलग- अलग जनहित याचिकाएं लगाई गई थीं। इसमें सड़कों की खराब दशा, सड़क पर बैठे हुए मवेशियों से होने वाली परेशानी, सड़क हादसों में मवेशियों की मौत समेत कई विषय उठाए गए थे। तब से अब तक हाईकोर्ट इस मामले पर कई बार सुनवाई कर चुका है, लेकिन हालत जस के तस हैं।

#### नियमों के तहत स्टाफ की भर्ती उपकरण की व्यवस्था करें

सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल में स्टाफ की कमी पर जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने शासन को नियमों और प्रावधानों के तहत स्टाफ की भर्ती, उपकरण की व्यवस्था करने कहा। शासन की ओर से कहा गया कि सभी प्रक्रियाएं जारी हैं। इससे पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन ने मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी का भ्रमण कर निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने एवं सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने मामले को मानिटरिंग के लिए रखा है। गौरतलब है कि राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए सेंदरी में एकमात्र मानसिक अस्पताल है। यहां अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। इसके अलावा सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन ने स्वयं मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी का भ्रमण कर निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने एवं सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित हुई छात्राएं



**बिलासपुर।** एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित जनसंख्या शिक्षा पर आधारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एससीईआरटी रायपुर संपन्न हुआ। पीएम सेजेस शहीद अविनाश शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा की छात्राएं गीतिका तिवारी, मुस्कान मानिकपुरी, साक्षी साहू, सानिया मुसर्रत, कविता यादव ने इंटरनेट मीडिया गैजेट्स का सदुपयोग एवं संवर्धन पर रोल प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके मार्गदर्शक शिक्षक डॉ. प्रवीण मिश्रा एवं श्रीमती वंदना तांबे थे। इनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए एनसीईआरटी नई दिल्ली के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पर चयनित होने पर प्राचार्य डॉ. गायत्री तिवारी एवं शाला के समस्त स्टाफ ने सभी छात्राओं एवं मार्गदर्शक शिक्षक को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### पूर्व छात्रों ने 50 साल बाद मनाई गोल्डन जुबली



**बिलासपुर।** शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वर्ष 1975 में निकले छात्रों ने मोटल बिलासपुर सिटी में अपना गोल्डन जुबली 50 वर्ष रियूनियन बड़े हर्षोल्लास तथा पारिवारिक माहौल में सपरिवार मनाया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने दूर-दूर से करीब 50 छात्र अपने परिवार के साथ आए और पुनर्मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया। छात्रों द्वारा उस समय के शिक्षकों का भी उनके घर जाकर शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पुनर्मिलन कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में मोटेल बिलासपुर के संचालक सुरेन्द्र गुंबर, अनुराग वर्मा, देवेन्द्र टुटेजा, ओम प्रकाश अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता तथा प्रभात बैनर्जी ने अहम भूमिका निभाई।


### राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले के 20 स्काउट गाइड रोवर रेंजर होंगे शामिल



**बिलासपुर।** डायमंड जुबली एवं 19 वी राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ उत्तर प्रदेश में 23 से 29 नवम्बर तक आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के 20 स्काउट गाइड और रोवर रेंजर शामिल होंगे। इंदरजीत सिंग खालसा राज्य मुख्य आयुक्त, जितेंद्र कुमार साहू राज्य सचिव के निर्देश अनुसार जम्बूरी पूर्वाभ्यास 18 से 20 नवम्बर तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया है। इसमे संरक्षक/कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी/ जिला आयुक्त स्काउट विजय टांडे, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव के निर्देश में जिले से शालाओ से कुल 20 का दल 6 स्काउट, सर्विस रोवर 3, गाइड 8, सर्विस रेंजर 1 ,जिला प्रभारी 2 डॉ. पूनम सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शामिल हो रहें है। जिले के स्काउट गाइड, रोवर रेंजर उक्त राष्ट्रीय स्तर जम्बूरी में लोक गीत लोक नृत्य फिजिकल डिस्प्ले फ़ूड प्लाजा स्किलोरामा मार्च पास्ट झांकी प्रदर्शनीय रंगोली फैंसी ड्रेस इत्यादि प्रतियोगिता में प्रतिभगिता करेगे।

### सशिमं में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का समापन

**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता डॉक्टर राजश्री वैद्य अखिल भारतीय मंत्री विद्या भारती, डॉ.नलिनी पांडेय पूर्व प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय, प्रमुख अभ्यागत विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ.भारती श्रीवास आयुष चिकित्साधिकारी अध्यक्षता विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉक्टर रश्मि जितपूरे आयुर्वेद चिकित्साधिकारी ने किया। इसके साथ ही श्रीमती दिव्या चंदेल व्याख्याता सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की प्रांत सहसंयोजक भी उपस्थित थीं। मुख्य वक्ता डॉ.राजश्री वैद्य ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि तथा डॉक्टर नलिनी पांडे ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर उपस्थित मातृ शक्ति का मार्गदर्शन किया। विद्यालय की बहनों ने रानी लक्ष्मीबाई अहिल्याबाई होलकर एवं छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में प्रेरणादाई महिलाओं का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मातृ शक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ.रश्मि जीतपूरे द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन आभार प्रदर्शन श्रीमती सीडी दीक्षित ने किया। प्रमुख अभ्यागत श्रीमती भारती श्रीवास द्वारा मातृशक्ति को संकल्प कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित 73 मातृशक्तियों की उपस्थिति थी। इस अवसर पर प्रांत प्रमुख गौरी शंकर कटकवार, सह प्रांत प्रमुख रामकुमार वर्मा, विभाग समन्वयक गेंदराम राजपूत, प्राचार्य राकेश पांडे, एवं विद्यालय की आचार्य व अन्य उपस्थित थे।









## कोपरा जलाशय का संरक्षण करेगा वन विभाग

**बिलासपुर।** वन विभाग ने कोपरा जलाशय को संरक्षण का विशेष दर्जा देने की बड़ी पहल शुरू की है। इसके तहत जलाशय और उसके आसपास के प्राकृतिक आवास को विशेष सुरक्षा देने के अलावा 131 हेक्टेयर क्षेत्र को रोंगसरा साइट के रूप में विकसित करने का कार्य किया जाएगा। बिलासपुर वन मंडल के रेंजर शुभम मिश्रा के अनुसार करीब 131 हेक्टेयर क्षेत्र को रोंगसर साइट के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली पहल होगी, जिसमें जलाशय और उसके आस-पास के प्राकृतिक आवास को विशेष सुरक्षा मिलेगी। इससे जलाशय में आने वाले प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा और उनकी प्रजातियों के संरक्षण को नया आयाम मिलेगा। कोपरा जलाशय में प्रवासी पक्षियों की संख्या हर साल तेजी से बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अभी 27 प्रकार की पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई हैं, जिनमें ओपनबिल स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क, बार-हेडेड गूज समेत कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल हैं। सर्दियों के मौसम में एशिया और यूरोप के विभिन्न हिस्सों से आने वाले ये प्रवासी पक्षी जलाशय के शांत, अनुकूल और भोजनयुक्त वातावरण को अपना पसंदीदा ठिकाना मानते हैं। वन विभाग की पहल से कोपरा जलाशय को विशेष सुरक्षा मिलने के बाद मानवीय हस्तक्षेप और अवैध गतिविधियों पर रोक लग सकेगी। इससे स्थानीय जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण को सीधा लाभ मिलेगा। विभाग का दावा है कि संरक्षित क्षेत्र बनने के बाद यहां रहने वाले पक्षियों के लिए सुरक्षित घोंसले, भोजन और स्वच्छ जल उपलब्ध रहेगा, जिससे इनके संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

### 11 हजार 650 क्विंटल होनी थी धान खरीदी

## टोकन कटाकर 30 किसान नदारद, केवल 22 ने बेचा धान, कहां हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवार के लिए जिले के 52 सेंटरों में 11 हजार 650 क्विंटल धान बेचने के लिए किसानों ने टोकन कटवाए थे। एक सेंटर में अगर एक किसान को ही टोकन जारी किए जाने की बात की जाए तो भी धान बेचने वाले किसानों की न्यूनतम संख्या 52 होती है। इसके विपरीत बुधवार को केवल 22 किसानों द्वारा धान बेचा गया। टोकन कटवाने के बाद भी किसानों द्वारा धान नहीं बेचना उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थागत कमियों की ओर भी इशारा कर रहा है।

■ उपार्जन केंद्रों में व्यवस्था कितनी तगड़ी?

जिले में धान खरीदी का आंकड़ा अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगा है, लेकिन दिक्कत यह है कि घंटों मशक्कत के बाद टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से टोकन प्राप्त करने वाले किसान धान बेचने वाले निर्धारित दिन में खरीदी केंद्र नहीं पहुंच पा रहे हैं। विपणन विभाग की जानकारी के अनुसार बुधवार के लिए 52 खरीदी केंद्रों द्वारा टोकन जारी किया गया था, लेकिन पूरे दिन में केवल 22 किसानों ने ही धान की बिक्री की। सवाल यह उठता है कि टोकन कटवाने वाले किसानों को सोसायटी आकर बिना धान बेचे ही लौटना पड़ा या वे सोसायटी पहुंचे ही नहीं? यह जांच का विषय है। कुछ किसानों द्वारा समितियों में हमाल एवं बारदानों की कमी भी बताई गई, जिससे उन्हें बिना धान बेचे लौटना पड़ा। इसके विपरीत विपणन विभाग द्वारा जिले के केवल चार केंद्रों को छोड़कर शेष सभी जगहों पर पर्याप्त बारदानों के भंडारण होने की बात कही गई है।



### गुरूवार को 74 सेंटरों से टोकन जारी

गुरूवार को जिले के 74 खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए टोकन जारी किए गए हैं। टोकन कटवाने वाले किसानों की संख्या तो अब निश्चित रूप से बढ़ने लगी है, लेकिन इसे यथार्थ तभी माना जा सकता है जब टोकन कटवाने के बाद संबंधित किसान अपना धान उपार्जन केंद्र में तौल करवाकर वापस लौटे।

### की जा रही है व्यवस्था

उपार्जन केंद्रों में अब किसानों की संख्या बढ़ने लगी है। गुरूवार के लिए 74 सेंटरों से टोकन जारी किए गए हैं। बारदाने की कमी से किसी केंद्र में धान खरीदी नहीं हो पाने का सवाल ही नहीं उठता। रविवार से लगातार बारदानों की व्यवस्था खरीदी केंद्रों के लिए की जा रही है।

**-अमित कुमार चंद्राकर**, डीएमओ

### कर्मचारी लौटे लिखित में ज्वाइनिंग

सहकारी समितियों के खरीदी प्रभारियों को बुधवार तक कार्य पर वापसी का अल्टीमेटम दिया गया था। अन्यथा की स्थिति में संबंधित को नौकरी से बाहर कर दिया जाता। किसी कर्मचारी पर कारवाई हो पाती इससे पहले ही खरीदी प्रभारियों ने बुधवार को अपने-अपने कार्यस्थल पर लिखित में ज्वाइनिंग दे दी। अब धान खरीदी की प्रक्रिया बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगी।

### समितियों में आंदोलन करने की दी चेतावनी

## धान खरीदी में अव्यवस्था, कलेक्टर से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर समितियों में अव्यवस्थाओं का आलम है। किसानों की धान खरीदी नहीं हो पा रही है, जिससे किसान भटक रहे हैं। जिले के अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में तालाबंद की नौबत है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि किसानों का धान खरीदी के लिए आनलाइन पंजीयन नहीं हो पाया है।

धान खरीदी संबंधी किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलने भी गया था। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि जिले की अधिकांश खरीदी केन्द्रों का ताला खुल नहीं पाया है। धान खरीदी करने वाले कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण चारों तरफ अव्यवस्था का आलम है। धान को सुरक्षित रखने की समस्या भी खड़ी हो गई है। जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में केंवटाडीह के किसानों के सामने सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि किसानों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। इन किसानों का ध्यान समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जानी चाहिए। कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ऋषि पांडेय, जगदीश कौशिक, विनोद साहू, सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, अंकित प्रजापति, सावित्री सोनी, रामप्रसाद ध्रुव, रामप्रसाद साहू, साखन दरवे, रूपनारायण, सुजीत यादव, फरीद खान, शेर सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, बालचंद साहू, हितेश देवांगन, भागरथी यादव, मनीष गढ़ेवाल, महेतराम सिंगरौल, शेषमणि बंजारे, प्रोतिमा दास, किशोर अहिरवारा, मनीष सेंगर, नीरज सोनी, छोटकू साहू, नवलकिशोर, ओमप्रकाश, रंजना नायक, उषा मानिकपुरी, अशोक तिवारी, ललित धुरी, गिरीश आदि शामिल रहें।



### खरीदी केन्द्रों में सुविधाओं का टोटा

कांग्रेस शासनकाल में धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने आने वाले किसानों के लिए सुविधा मुहैया कराई जाती है। छांव में बैठने की व्यवस्था के अलावा पीने के पानी की व्यवस्था भी की जाती थी। खरीदी केन्द्रों में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। अन्नदाता किसानों की यह उपेक्षा कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। खरीदी केन्द्रों में किसानों को पूरी सुविधा मिले इसका ख्याल राज्य सरकार और जिला प्रशासन की है।

### टोकन के लिए भटक रहे किसान

किसानों को टोकन भी नहीं मिल पा रहा है। किसान टोकन के लिए समितियों के चक्कर काट रहे हैं। सरकार का दावा पूरी तरह फेल हो गया है और किसान भटक रहे हैं। बिना ट्रेनिंग के कर्मचारियों द्वारा किसानों का धान कैसा खरीदा जाएगा। जिले के 140 उपार्जन केन्द्रों में कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। समय रहते व्यवस्था दुरूस्त की जानी चाहिए। अगर व्यवस्था का आलम ऐसे ही रहा तो जिला कांग्रेस कमेटी चुप बैठने वाली नहीं है।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद सम्मेलन




**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन कैंपस ने अपना दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद सम्मेलन बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। छात्रों की सीखने की यात्रा के एक अभिन्न अंग के रूप में, खेलों ने हमेशा अनुशासन, टीम वर्क और लचीलेपन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अपने युवा विद्यार्थियों में सच्ची खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार करने के लिए, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, मिशन कैंपस ने अपना वार्षिक खेलकूद सम्मेलन आयोजित किया। छात्रों ने ऊर्जावान दौड़ से लेकर भव्य मार्च पास्ट तक, सभी कार्यक्रमों में उल्लेखनीय उत्साह और जुनून के साथ भाग लिया। 17 नवंबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि, भारतीय रेलवे के उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने आधिकारिक तौर पर सम्मेलन की शुरुआत करने घोषणा की। इस कार्यक्रम को विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, निर्देशक प्राचार्या डॉ. श्रीमती श्रुति गुप्ता सहित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल व्यापार विहार ब्रांच की प्राचार्या रेचल अलेक्जेंडर ने युवा एथलीटों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के गायक मंडल ने मधुर गीत के माध्यम से हार्दिक स्वागत किया गया। ड्रिल नृत्य, खेल नृत्य, प्रेरक गीत, स्वागत गीत, रिंग डांस और योग प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग और जीवंतता भर दी। खज प्रतियोगिताओं के बाद, विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। 18 नवंबर को समापन समारोह के अवसर पर प्राचार्या श्रीमती संगीता मिश्रा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। उप-प्राचार्या श्रीमती नंदिता चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और समय-प्रबंधन के मूल्य भी सिखाते हैं। कोऑर्डिनेटर श्रीमती सीमा अग्रवाल ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का परिचय दिया। ध्वज वंदन समारोह के साथ एक गरिमामय धीमी गति से मार्च निकाला गया, जिसके साथ ही प्रतियोगिता का समापन हुआ। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### लिपिक संघ ने संचालक कोष लेखा को सौपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने अधीनस्थ लेखा परीक्षा की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग को लेकर संचालक कोष लेखा पद्ममनी भोई साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने संचालक को अवगत कराया कि वर्ष 2016 में अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा आयोजित की गई थी। विगत 9 वर्षों से अधिक समय व्यतीत हो जाने से लिपिक संवर्ग के कई कर्मचारी निर्धारित आयु पूर्ण कर चुके हैं। बहुत से लिपिकों के लिए यह अंतिम अवसर है। पूर्व में भी समय-समय पर निवेदन किया गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा आयोजित की जानी है। अतः परीक्षा तिथि शीघ्र आयोजित किया जाए। संचालक कोष लेखा ने परिक्षा तिथि शीघ्र घोषित करने का आश्वासन संघ को दिया।

## एसईसीएल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ




**बिलासपुर।** हिन्दी की वैश्विक स्थिति पर प्रख्यात लेखक समीक्षक ब्लॉगर डॉ.संजय अनंत के व्याख्यान से भारत सरकार के उपक्रम एसईसीएल के मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में मानव संसाधन विभाग द्वारा आमंत्रित प्रबंधकों, अधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुभारंभ हुआ। एसईसीएल बिलासपुर के जनरल मैनेजर एचआरडी श्री सेठी ने द्वारा डॉ.संजय अनंत का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अभिनन्दन किया। वैश्विक हिन्दी पर डॉ.संजय अनंत ने व्याख्यान में संपूर्ण विश्व में हिन्दी की दिशा व दशा पर प्रकाश डाला। सूरीनाम, मॉरिशस, फिजी जैसे भारतीय बहुल देशों में हिन्दी भाषा के बढ़ते अनुप्रयोग की विशेष चर्चा की कार्यक्रम में अपने प्रेषित वीडियो के माध्यम से सूरीनाम देश से वरिष्ठ साहित्यकार, सरनामी भाषा के कवि धीरज कंधई ने मॉरिशस से भाषाविद डॉ.सुरीति रघुनंदन ने, नीदरलैंड से डच व हिन्दी भाषा की विदुषी डॉ.ऋतु शर्मा ने इस सत्र में उपस्थित एसईसीएल के प्रबंधकों व अधिकारियों के समक्ष अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व अभियंता एसईसीएल अशोक शर्मा व मोटिवेशनल स्पीकर संजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

### एसआईआर को लेकर बिलासपुर में हुई भाजपा की संभागीय बैठक

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर में पूरी ताकत झोंकने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में संभागीय स्तर पर बैठक रखी गई थी, जिसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने एसआईआर के लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जनसंपर्क करने और अपने क्षेत्र के बूथ लेबल तक के कार्यो की समीक्षा करने के साथ ही पूरी ताकत एसआईआर कार्य में झोंक देने की बात कही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि हर बैठक में लोगों से नई-नई जानकारियां मिलती है अतः कार्यकर्ताओं को मैदानी स्तर पर जनसंपर्क कर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथों में जाकर बीएलए से मिले और उनके कार्यो के संबंध में जानकारी हासिल करें। इन सभी लोगों की सक्रियता बनाए रखें, ताकि सभी मतदाताओं का नाम जुड़ सकें, जो नये मतदाता है उनका नाम भी सूची में अवश्य जुड़वाएं।

किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। फार्म भरवाने के पश्चात उन सभी का नाम अपडेट होता है या नहीं पोर्टल के माध्यम से चेक करें। श्री सिंहदेव ने कहा कि जितने भी प्रभारी है अपनी पूरी ताकत इस कार्यक्रम के लिए लगा दें। उन्होंने कहा कि 22 वर्षो बाद यह आयोजन हो रहा है इसलिए इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का गफलत न करें।

आप सभी का दायित्व बंटा हुआ है जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा व पूर्ण ईमानदारी से करें। आप लोगों की क्षमता पर हमें पूर्ण विश्वास है।




### लद्दाख के सांसद व संभाग प्रभारी ने भी रखी अपनी बातें

बैठक में लद्दाख के पूर्व सांसद एवं एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रभारी जामयांग त्येरिंग नायाग्याल ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें आगे त्वरित गति से कदम उठाने की सलाह दी। एसआईआर के संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा ने सभी लोगों को सक्रियता से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपके प्रयासों से जो नये मतदाता बनेंगे उनसे हमें लाभ भी मिलेगा। बैठक में प्रमुख रूप से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, एसआईआर के संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा, सांसद राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, नवीन मारकंडे, प्रणव मरपच्ची, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, हर्षिता पाण्डेय, विद्या सिदार, ऋतु चौरसिया, दीपक सिंह, सहित भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बूथों पर पहुंचने लगे कांग्रेस के बीएलए

**बिलासपुर।** एसआईआर को लेकर कांग्रेस के बीएलए बूथों में पहुंचने लगे हैं और मतदाताओं को गणना पत्रक भरने में सहयोग कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक अंतर्गत वार्ड 19, 26, 29, 31 में ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने बूथों में जाकर गणना पत्रक की जानकारी ली। बीएलओ के साथ कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त बीएलए मतदाताओं को सहयोग कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, जूनीलाइन, खपरगंज, तालापारा, तारबाहर, कस्तूरबानगर वार्डो में पहुंचकर एसआईआर के संबंध में मतदाताओं को जागरूक किया तथा पत्रक भरने में सहयोग प्रदान किया। इसी तरह शेख निजमुद्दीन, अर्जुन सिंह, अब्दुल, अजिम, शुभलक्ष्मी, अयाज, सिकंदर, विनय, बलराम, सज्जू आदि उपस्थित थे। ब्लॉक अध्यक्ष ने जावेद ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम नहीं मिल रहे हैं ऐसे मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची आनलाइन से कांग्रेस के बीएलए मतदाताओं के नाम निकालकर सहयोग कर रहे हैं। लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कस्तूरबानगर, तालापारा, तारबाहर में मतदाता खुद शिविर में पहुंच रहे हैं।

बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## वसुधैव कुटुम्बकम भारतीय जीवन दृष्टि का मूल आधार : स्वाति



**बिलासपुर।** भारतीय संस्कृति में कुटुंब केवल रक्त संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र समाज और प्रकृति तक विस्तृत है। "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना हमें सिखाती है कि पूरा विश्व ही हमारा परिवार है और इस विशाल परिवार के सुख, संतुलन और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। ये बातें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयरामनगर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित "सप्त शक्ति संगम" कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। "कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि" विषय पर उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में कुटुंबों में बढ़ती दूरी, तनाव, मूल्यहीनता और संवादहीनता समाज में अनेक चुनौतियां उत्पन्न कर रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा में घर को "गृहस्थ आश्रम" कहा गया है। जिसका अर्थ केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि मूल्य, संस्कार और जीवन-पद्धति का केंद्र है। यदि हमारा परिवार मजबूत है, तो समाज मजबूत है।

सम्मान

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने लिया गुरुग्रंथ साहिब का आशीर्वाद



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स. अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर पहुंच कर माथा टेका व गुरुग्रंथ साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बिलासपुर पंजाबी समाज के प्रबुद्ध वर्ग की गुरुद्वारा लाइब्रेरी हॉल में बैठक लेकर अल्पसंख्यक आयोग व छत्तीसगढ़ शासन की नीति योजना के संबंध में जानकारी साझा की। साथ ही श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के 350वें शहादत वर्ष को समर्पित छत्तीसगढ़ स्तरीय निबंध प्रतियोगिता मीडिल स्कूल, हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच होने की जानकारी दी और बताया कि इसमें समाज के सभी वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक वर्ग के लिए बनी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। अमरजीत सिंह छाबड़ा ने समाज के प्रबुद्धजनों के विचार भी जाने और उनके द्वारा दिए गए सुझाव को नोट कर इस पर तत्काल संज्ञान लिए जाने आश्वस्त किया। वहीं गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह ने गुरु घर का सम्मान सिरोपा एवं श्री साहब के साथ स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।

आयोजन

## 11 बटुकों का कराया गया उपनयन संस्कार



**बिलासपुर।** सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम ने इस वर्ष भी सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन किया। इसमें इस वर्ष 11 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। सर्वप्रथम वरुण सांई एवं मंचस्थ अतिथियों ने भगवान श्री झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। जगदीश जज्ञासी ने बताया कि यह कार्यक्रम सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा के संत सांई लाल दास के सुपुत्र वरुण सांई के सानिध्य में आर्य समाज पद्धति में विधि-विधान से पूर्ण पारिवारिक परिवेश में संपन्न हुआ। आचार्य श्री शास्त्री ने बच्चों को जनेऊ संस्कार के महत्व के बारे में बताया एवं उन्हें धर्म, ज्ञान की शिक्षा देकर हिन्दुत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश कलवानी, जगदीश जज्ञासी एवं कन्हैया आहूजा ने किया। मुख्य अतिथि नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं विश्व हिन्दू परिषद के उप प्रांताध्यक्ष डॉ. ललित माखीजा ने संबोधन में धर्म, समाज की रक्षा करने पर जोर दिया।

# प्रतिभागियों ने बनाई आपरेशन सिंदूर, आत्मनिर्भर भारत पर रंगोली

**साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेला के छठवें दिन बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर आपरेशन सिंदूर, आत्मनिर्भर भारत, कृषि, सैनिक स्कूल सहित कई संदेशात्मक रंगोली बनाई।**

### रंगोली में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, स्वदेशी मेले में हर दिन कराई जा रही विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की गई। वर्ग अ में 12 से 17 वर्ष एवं वर्ग ब में 17 वर्ष से अधिक की बालिकाओं, महिलाओं ने भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगियों ने प्रतियोगिता स्थल पर 3x3 की जगह में अपनी रंगोली बनाई। इसमें आपरेशन सिंदूर, आत्मनिर्भर भारत, कृषि, सैनिक स्कूल, मिस इण्डिया, आदिवासी व ग्रामीण महिला, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राधा-रानी, छत्तीसगढ़ राज्य की खेती, शैक्षणिक व आर्थिक गतिविधियों वाली रंगोली शामिल रही। भगवान गणेश की आकर्षक सिनरी भी दर्शनीय रही।

निर्णायक निवेदिता सरकार, शोभा त्रिपाठी, सस्मिता शर्मा, सविता गौर ने सीनियर व जूनियर वर्ग के सभी रंगोली का अवलोकन किया एवं फिनिशिंग, थीम के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान दिया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता की प्रभारी सुमन द्विवेदी, किरण सिंह, नवनीत पाण्डेय वर्ग अ, चंदना गोस्वामी, आशा निर्मलकर वर्ग ब रहीं।





### आज होगी केश सज्जा स्पर्धा

गुरुवार 20 नवंबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक केश सज्जा स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इसमें असली बालों पर ही सज्जा की जा सकेगी।

### हर दृष्टि से बेहतर छत्तीसगढ़

सिरगिट्टी से आई एक प्रतिभागी ने अपने रंगोली के माध्यम से दर्शाया कि हमारा छत्तीसगढ़ हर दृष्टि से बेहतर है। उसने रंगोली में छत्तीसगढ़ की कृषि, सैनिक स्कूल अंबिकापुर, शैक्षणिक व आर्थिक गतिविधियों को बखूबी दर्शाया। जिसे सभी ने पसंद किया। एक अन्य प्रतिभागी ने पीएम नरेंद्र मोदी की रंगोली से चित्र बना कर बताया कि वे पूरे विश्व के एक सशक्त नेता हैं। मोपका से आए एक युवक प्रतिभागी ने ग्रामीण महिला बना कर यह बताने की कोशिश की कि काफी व्यस्त जिंदगी के बाद भी वह काफी खुश है। संस्कार भारती व पर्यावरण पर आधारित रंगोली भी दर्शनीय रही।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अरूणा दीक्षित, किरण मेहता, मीना गोस्वामी, दीप्ति बाजपेयी, जूही वर्मा, लता गुप्ता, रीटा भामरा, पुष्पिका गोस्वामी, वंदना चंद्रिकापुरे, प्रीति पानसे, चंचल कुशवाहा, मनीषा मिश्रा, मीनाक्षी बोबर्डे, कविता वर्मा, उषा भांगे, लोकेश्वरी राठौर, संध्या सिंह, आशा निर्मलकर की उपस्थिति रही।




# कन्या, ब्राह्मण पूजन के साथ भैरव जयंती महोत्सव का समापन



**श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर में चल रहे 9 दिवसीय भैरव जयंती महोत्सव का बुधवार को कन्या, ब्राह्मण पूजन, भण्डारे के साथ समापन हुआ। आयोजन के अंतिम दिन सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी रही।**



भण्डारे में सैकड़ों लोगों ने लिया प्रसाद

### विश्व कल्याण के लिए हुआ अनुष्ठान

भैरव मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि भैरव जयंती का यह महोत्सव हर वर्ष नौ दिनों तक चलता है। जिसमें विश्व एवं जन कल्याण के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाते हैं। इस बार रूद्र महायज्ञ, चंडी पाठ, ग्रह शांति यज्ञ तथा महा मृत्युंजय मंत्रों का जाप भी किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

आयोजन समिति ने बताया कि इस दौरान 151 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया। कन्याओं को द्रव्य, श्रृंगार सामग्री और उपहार प्रदान किए गए। पूजन के बाद यजमान दंपतियों ने परंपरा अनुसार कन्याओं का आशीर्वाद लेकर अनुष्ठान पूर्ण किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, सेवा और सामूहिक सहभागिता का वातावरण पूरे दिन देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप दुबे, पं. महेश्वर पांडेय, पं. राजेंद्र दुबे, पं. कान्हा तिवारी, विक्की, राजेश्वर मिश्रा, श्री अवस्थी, सोनू तंबोली, यशवंत, राहुल द्विवेदी, राजेंद्र तिवारी लगातार सक्रिय रहे।

# सिम्स में हर बच्चे को स्वस्थ जीवन देने का प्रयासः डॉ. मूर्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में गुरुवार को राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 2025 के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं बाल शोषण व बाल संरक्षण पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि सिम्स हमेशा से सामाजिक और चिकित्सकीय दायित्वों को गंभीरता से निभाते आया है। हम चाहते हैं कि प्रत्येक बच्चा सुरक्षित वातावरण में स्वस्थ जीवन की शुरुआत करें।

शिशु रोग विभाग के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नवजात शिशुओं की देखभाल, संक्रमण से बचाव, स्तनपान, तापमान संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षित प्रसव पश्चात देखभाल पर विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। अस्पताल में आने वाले परिजनों और माताओं के लिए स्वास्थ्य वार्ता, परामर्श एवं प्रायोगिक प्रदर्शन भी आयोजित किए गए।

■ सिम्स में नवजात शिशु व बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

वहीं बाल शोषण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बाल सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक एवं लैंगिक शोषण की रोकथाम, कानूनी प्रावधान तथा बच्चों के प्रति समाज की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. अस्मित, डॉ. केसली सहित छात्र छात्राएं एवं स्टॉप मौजूद थे।

### मरीजों को सुरक्षित वातावरण देने प्रतिबद्ध : डॉ सिंह

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि यह संस्थान मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित व संवेदनशील वातावरण देने प्रतिबद्ध है। बाल शोषण के मामलों में जागरूकता ही रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। विभागाध्यक्ष शिशु रोग विभाग डॉ. राकेश नहरेल ने कहा कि नवजात शिशु अत्यंत संवेदनशील होते हैं और उनकी सुरक्षा हर क्षण जरूरी है। बाल संरक्षण के मुद्दों पर समाज की सक्रिय भूमिका बेहद आवश्यक है।

स्पोर्टर्स न्यूज

# पिंक स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर पदक जीत रहे खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत बिलासा गर्ल्स कॉलेज में बनाए गए पिंक प्ले ग्राउंड में स्केटिंग के अलावा अन्य खेलों का प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी जिला और राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर रहे हैं।

पिंक प्ले ग्राउंड में प्रैक्टिस कर तैयारी करने वाले सैंडबॉक्स इनोवेशन के छात्रों ने 18 वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक जीते हैं, जिनमें 10 स्वर्ण, 12 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल है। पिंक प्ले ग्राउंड में प्रतिदिन शाम 4 से 7 और शाम 7 से रात 10 बजे तक 18 वर्ष से कम उम्र बालक बालिका ट्रैक में स्केटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड में फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में अन्य आउटडोर गेम खेला जा सकता है। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए शहर में तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया गया है, जिसमें से एक महिलाओं के लिए समर्पित प्रदेश का पहला पिंक प्ले ग्राउंड है, जहां इनडोर और आउटडोर दोनो खेल की सुविधा है। यहां पहले से ही एथलेटिक ट्रैक,इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, इंडोर जिम का उपयोग महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। ट्रैक में स्केटिंग शुरू होने से अंचल में स्केटिंग करने वाले खिलाड़ियों को एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म मिला है। वर्तमान में दोनों शिफ्ट में लगभग 80 छात्र-छात्राएं प्रैक्टिस करने पहुंच रहे हैं।

### महिलाओं के लिए एकमात्र ग्राउंड

स्मार्ट सिटी द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए शहर के बिलासा गर्ल्स कालेज मैदान को 4 करोड़ 34 लाख की लागत से पिंक प्ले ग्राउंड के रूप में तैयार किया गया है। लगभग पौने दो एकड़ जमीन में तैयार ग्राउंड में कई खूबियां है। ग्राउंड में दस से अधिक प्रकार के खेलों का आनंद उठाया जा सकता है।

### कॉलेज स्टूडेंट के लिए फ्री

बिलासा गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के लिए इनडोर गेम तो पहले से ही फ्री था पर अब फ्लड लाइट के साथ आउटडोर गेम भी जिला अर्बन सोसाइटी द्वारा शाम 5 बजे से 7 बजे तक लिए फ्री कर दिया गया है। इस प्रकार से सुबह 6 से 10 और शाम 5 से 7 बजे तक कॉलेज की छात्राओं के लिए ग्राउंड निःशुल्क है।

## पप्पू पटाका करेंगे बीपीएल में एंपायरिंग



टेनिस बॉल में एम्पायरिंग को लेकर चर्चित पप्पू पटाका ब्राह्मण प्रीमियर लीग के अंतिम तीन दिनों में शिरकत करेंगे। वे टेनिस क्रिकेट में देश के चर्चित एम्पायरों में गिने जाते हैं। वे अपने मजाकिया अंदाज, शानदार फिटनेस और जबरदस्त डांस मूव के लिए जाने जाते हैं। पंजाब से आने वाले पप्पू पटाका पूरे देश में चर्चित हैं। उनकी एम्पायरिंग में जो जोश और हास्य का मेल होता है वहीं उन्हें खास बनाता है। हंसमुख,शांत स्वभाव के पप्पू पटाका ने एक बार छक्का लगाने के बाद बैट्समैन को कंधे पर उठा लिया, तब उनका यह स्टेप दर्शकों को खूब पसंद आया। मैच में भांगड़ा करने और अनूठे इशारे करने के लिए पप्पू पटाका विख्यात हैं। बैट्समैन के आउट होने पर उन्हें गेट तक छोड़ के आने का पप्पू पटाका का अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आता है।

## राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग में खिलाड़ी ने जीता पदक




एलसीआईटी स्कूल ऑफ फार्मेसी के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने एकीकृत राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता मे एक गोल्ड व एक सिल्वर मैडल जीतकर कालेज का नाम रौशन किया है।

महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन यूटीडी विभाग में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि की मेजबानी में 18 नवंबर को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी के बी फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के छात्र लोकेश कुमार जांगड़े ने 59 किलोग्राम, बेंच प्रेस 105 किलोग्राम, डिडलिफ्ट 130 किलोग्राम व स्क्वाट 130 किलोग्राम टोटल 365 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मैडल जीता। उनका विश्वविद्यालय की पावरलिफ्टिंग टीम में चयनित हुआ। बी फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर के छात्र आसिफ हुसैन ने 83 किलोग्राम वजन वर्ग में डिडलिफ्ट में 170 किलोग्राम बेंच प्रेस 95 किलोग्राम व स्क्वाट 120 किलोग्राम टोटल 385 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीतकर का कालेज का नाम बढ़ाया है। खिलाड़ियों के मैडल जितने पर प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉ.रितेश जैन, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉ.संदीप गुप्ता, इंजीनिरिंग विभाग उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस उपप्राचार्य अभिनव पाल आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स में 700 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ जोरों की तैयारी में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ एक ऐतिहासिक आयोजन करता है जो खेल जगत में एथलेटिक्स ही एक ऐसा खेल है, जिसमें लगभग पूर्व समय में 9 हजार से 10000 भाग लेते हैं। खिलाड़ी प्रबंधक प्रशिक्षक डॉक्टर, तकनीकी अधिकारी, सहायक एवं आयोजन करता है। इसमें लगभग 700 जिले भारत के भाग लेते हैं। प्रत्येक जिले से 15 सहभागी होते हैं, जिसमें 13 खिलाड़ी बालक/बालिका एवं एक कोच महिला व एक प्रबंधक होते हैं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिले भाग लेते हैं, जो एक महत्वपूर्ण मामला है। प्रबंधक प्रशिक्षक खिलाड़ी 340 पूरे प्रदेश से सहभागी हुए थे। इस वर्ष सभी जिले अच्छी तैयारी में हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर जिले अच्छा प्रदर्शन करेंगे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वर्ल्ड लेवल वह ओलंपिक लेवल पर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ इस बार पूरे प्रयास में हैं कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से 13 खिलाड़ी और दो ऑफिशल भेजा जाए, जो एक राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश मिसाल कायम कर सकें। इस प्रतियोगिता का नाम नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट का आयोजन 2026 में जनवरी अथवा फरवरी माह में आयोजित होगा, जिसके लिए छत्तीसगढ़ जिले के सभी जिले अपनी तरीके से बेहतरीन तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

## तखतपुर में 116 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# डबल इंजन की सरकार से सभी को हो रहा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनता के पैसा को डकारने वाले को कभी बख्शा नहीं जाएगा, और न ही जनता कभी उन्हें कभी माफ करेगी। सरकार की मंशा है, और सोच भी है कि, जनता के पैसा जनता काम में ही लगें। इस सोच और संकल्प का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते समय किया था। हमारी सरकार भी इसी पर काम कर रही है। यह बातें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के श्रीराम सदन में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

- यह दिन तखतपुर के विकास का मील का पत्थर : धर्मजीत
- प्रदेश में सांय-सांय विकास हो रहा है : सुशांत

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बुधवार को तखतपुर में 116 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने तखतपुर के लिए 5.75 करोड़ रूपए के विकास कार्यो की घोषणा भी की। उन्होंने सामुदायिक भवन के लिए 2.50 करोड़ रूपए, विभिन्न विकास कार्य के लिए 3 करोड़ रूपए, और महामाया प्रवेश द्वार के लिए 25 लाख रूपए देने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि, तखतपुर के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने 30 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित अटल परिसर का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, तखतपुर नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख एवं नागरिक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने किया।


कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री अरुणा साव, विधायक धर्मजीत सिंह व अन्य।

इस अवसर पर संतोष कौशिक, अश्वनी शर्मा, प्रदीप कौशिक, संतोष कश्यप, दिनेश राजपूत, माधवी वस्त्रकार, राकेश तिवारी, भारती माली, ललिता कश्यप, अम्बिका साहू, दिनेश साहू, अमित मंदानी, विशाल सिंह, वरुण सिंह, अरुण चौहान, कृष्ण कुमार साहू, वंदना सिंह, रवि मेहर, विनोद यादव, राजकुमार निर्मलकर, महाबली कोशले, मोहन पटले, कोमल ठाकुर, इस्लाम अंसारी, अंकित अग्रवाल, कैलाश देवांगन, प्रियंका आहूजा, अंजू देवांगन, मालती यादव , नूरिता कौशिक, राजकमल साहू, रामचन्द्र यादव, बीआर महोबिया, प्रीतम कश्यप, दिलीप तोलानी, सरजू यादव, अजय यादव, देवेंद्र कश्यप, गरीबा यादव, बलराम पटेल, विक्रम ठाकुर, निलेश सिंह, ईश्वर देवांगन, सीमा श्रीवास, ऋषि मुनि पटेल, अश्विनी साहू, विश्वनाथ यादव, राहुल तिवारी, पुष्पलता रात्रे, सूरज रजक, गिरिश कश्यप, सुनील साहू, राज कमल कश्यप, संदीप खाण्डेय, आयुष सिंह, राहुल शुक्ला, कामता, कुलमित्र, तिलक देवांगन, किशन सचदेव, भारत मरकाम, मनहरण कौशिक, अनिता रोहित केंवट, निखिल श्रीवास, रामचंद्र वस्त्रकार, सुक्रीता लहरे, योगेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाएं

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि, आज हमने अटल परिसर का लोकार्पण किया है, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। सभी 192 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। डबल इंजन की सरकार से सभी को फायदा हो रहा है। 3 हजार 100 रूपए समर्थन में धान की खरीदी, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कई योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, जिससे सभी वर्ग का विकास हो रहा है।

### सरकार विकास के प्रतिबद्ध

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, आज का यह दिन तखतपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आज जिन कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन किया गया, उनमें सड़क निर्माण, पेयजल विस्तार, विद्युत सुधार जैसे कई कार्य शामिल हैं। आगे उन्होंने कहा कि, तखतपुर क्षेत्र में बिजली के लिए उपभोक्ताओं को कहीं और जगह न जाने पड़े, इसलिए तखतपुर विधानसभा के सकरी में लगभग 50 करोड़ रूपए की लागत से विद्युत कार्यालय का डिवीजन कार्यालय बनेगा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सांय-सांय विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी वर्ग की बेहतरी के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

## मुंगेली के विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं होगी: साव



**मुंगेली**। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बुधवार को जिले में नगर पालिका परिषद अंतर्गत 29 करोड़ 90 लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने आगर खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों के कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने नगर पालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और लोक निर्माण विभाग के कुल 1755.12 लाख रूपए के 91 कार्यों का लोकार्पण और 1241.79 लाख रूपए के 23 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कियानगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने विकास कार्यों की सौगात के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान में सहभागिता की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि, मुंगेली नगर पालिका विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। । इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले का गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, देवांगन, साहू व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री एवं विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिपं सीईओ प्रभाकर पांडेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, अनिल सोनी, शैलेष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

- साव ने दी 29 करोड़ 90 लाख से विकास कार्यों की सौगात

## पेट दर्द से परेशान महिला का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय की ओर से जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां जटिल ऑपरेशन के साथ निशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, पथरिया की 42 वर्षीय सरिता गजारतिया सफल ऑपरेशन कर उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा दिलाया गया।

सरिता को पिछले कई वर्षों से पेट के नीचे भाग में दर्द एवं मासिक धर्म संबंधी परेशानी थी। चिकित्सालय की विशेषज्ञ चिकित्सकों और उन्नत तकनीकी सुविधा ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को पूरी तरह सफल बनाते हुए मरीज को नई जीवन आशा प्रदान की। सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने बताया कि, जांच में लिपोमा गांठ पाए जाने पर चिकित्सकों ने तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया, और चिकित्सकों की टीम द्वारा जटिल शल्यक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। मरीज के परिजनों ने चिकित्सालय प्रशासन और समस्त टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। डीपीएम डॉ गिरीश कुर्रे ने बताया कि, जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की मदद से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। यह सफलता हमारी टीम की निष्ठा, सामूहिक प्रयास और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का परिणाम है।



## दिव्यांग बच्चों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला

**मुंगेली**। बीआरसी भवन में जिला स्तरीय एक दिवसीय गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के माध्यम से शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन करना था। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप, एपीसी खंड प्रभारी लेखराम साहू और प्रदीप उपाध्याय की मौजूद रहे। अधिकारियों ने गृह आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत और समग्र प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में बीआरपी पथरिया प्रिया यादव, स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे और अरुण कुमार बघेल ने बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों और शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया।



## 34 छात्राओं को प्रदान की गई निशुल्क सायकल

**लोरमी**। क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर शासकीय उमा शाला में छात्राओं को सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत 34 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा विनय साहू व प्रमुख अतिथि के रूप के सुजीत वर्मा अध्यक्ष नपा लोरमी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जपं उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिपं सदस्य अनिता कोमल साहू, जप सदस्य रेखा साहू, राजेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष डिंडोरी भाजपा, माणिकलाल साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति की उपस्थिति रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि विनय साहू ने कहा कि, बेटियों की शिक्षा और विकास दोनों ही हमारे संकल्प और सेवा का आधार हैं। बेटियों को शिक्षित, सशक्त और समर्थ बनाने केंद्र व राज्य की सरकार निरंतर प्रयासरत है। जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि, सरस्वती साइकिल वितरण योजना से बेटियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि, बेटियों के नवमीं कक्षा में प्रवेश पर सायकल वितरण की जानकारी की जाती है।



## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को

**मुंगेली**। जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि, तीनों विकासखंडों में इसके लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा हेतु कुल 5 हजार 432 छात्र-छात्रओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि, कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रवेश पत्र एवं आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार हेतु प्रधान पाठक अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शीघ्र जमा करने के लिए कहा है।

### डीईओ के निरीक्षण में नदारद शिक्षकों को नोटिस

**मुंगेली**। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने शासकीय हाइस्कूल कोदवाबानी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं सहित शिक्षण-अध्यापन व्यवस्था और अनुशासन की समीक्षा की गई। निरीक्षण में व्याख्याता रामभजन देवांगन, मंजू श्रीवास, प्रमोद कुर्रे, विष्णु देवांगन, वीरेन्द्र कश्यप और भूपेन्द्र बांधी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब मांगा है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बने सुनील

**सीपत**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा छग प्रदेश युवा कांग्रेस इंचार्ज अमित सिंह पठानिया, सह इंचार्ज डॉ मोनिका मांद्रे एवं युवा कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष आकाश शर्मा की सहमति से सुनील पटेल को युवा कांग्रेस का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील पटेल वर्तमान में मस्तूरी विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सक्रियतापूर्वक संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। उनकी लगातार सक्रियता, युवाओं में पकड़ एवं संगठन विस्तार की रणनीतिक क्षमता को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



## दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन को नियमित करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- प्रधानमंत्री, रेल मंत्री व रेलवे प्रशासन को भेजा गया मांग पत्र

छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चल रही दुर्ग–हरिद्वार स्पेशल ट्रेन को नियमित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। यह विशेष सुपरफास्ट ट्रेन 10 नवंबर 2025 से दो फेरों में चलाई जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं, पर्यटकों तथा गायत्री परिवार से जुड़े यात्रियों को हरिद्वार, मसूरी एवं चारधाम यात्रा के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है।

स्थानीय नागरिकों एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के पदाधिकारियों का कहना है कि, इस ट्रेन को नियमित करने से यात्रियों को कंफर्म बर्थ, सुरक्षित यात्रा तथा बेहतर समयबद्ध सुविधा का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी नियमित रूप से पर्याप्त आर्थिक राजस्व प्राप्त होगा। इस संदर्भ में गायत्री शक्तिपीठ पेंड्रा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एलएन वैश्य, नरेश कुमार गोयल सहित क्षेत्रीय नागरिकों, पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्रालय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक को मांग पत्र प्रेषित किया है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि, दुर्ग-हरिद्वार सुपरफास्ट ट्रेन श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों तथा उत्तराखंड के पर्यटन स्थलोंके लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके नियमित संचालन से छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के लाखों यात्रियों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। मांग पत्र प्रेषित करने वालों ने ट्रेन सेवा प्रारंभ करने के लिए भारत सरकार व रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र नियमित घोषित किए जाने का अनुरोध किया है।

## शिवमहापुराण त्याग और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाता है: पांडेय



**सकरी**। ग्राम हांफा में आयोजित पांच दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा में तीसरे दिवस आचार्य भानू प्रताप पाण्डेय ने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि, श्रीशिव महापुराण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि लोक कल्याण, शिवत्व और आत्मबोध की प्रेरणा है। उन्होंने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का दिव्य वर्णन करते हुए बताया कि, किस प्रकार कठोर तपस्या के बाद मां पार्वती को भगवान शिव का वरण प्राप्त हुआ। हिमालय राज परिवार में बारात का भव्य आगमन, देवताओं का स्वागत, ऋषि मुनियों की स्तुतियां तथा स्वयं महादेव का सौम्य का चित्रमय वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा श्रवण करने रामकुमार-पार्वती उपाध्याय, धनेश उपाध्याय, रमेश उपाध्याय सहित गांव के एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### काम पर लौटे हड़ताली समिति प्रबंधक और ऑपरेटर

# जीपीएम जिले में सुचारू रूप से चल रही धान खरीदी

**भर्रीडांड़**। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य जिले में सुचारू रूप से चल रहा है। हड़ताल पर गए सभी समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर अपने काम पर लौट गए हैं।

जिला खाद्य अधिकारी श्वेता अग्रवाल ने बताया कि, राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के लिए निर्धारित नीति के तहत सभी केंद्रों में व्यवस्थित रूप से धान का उपार्जन प्रारंभ हो गया है। धान खरीदी कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। सभी केंद्रों में बारदानों की व्यवस्था, उपार्जन व्यवस्था का कम्प्यूटरीकरण, किसानों को धान की राशि का डिजिटल मोड से भुगतान, उपार्जित धान का भंडारण एवं परिवहन सहित सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।



साथ ही सभी केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, छाया आदि की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष धान कॉमन 2 हजार 369 रूपए प्रति क्विंटल और धान ग्रेड ए 2 हजार 389 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित है। राज्य सरकार द्वारा 3 हजार 100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य के किसानों से धान की नगद एवं लिंकिंग में खरीदी 15 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हो गई है, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी।

### जिला सहकारी बैंक में लग रही किसानों की भीड़

**मल्हार**। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में 6 माह बाद एक बार फिर से किसानों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की शुरुआत 15 नवम्बर से हो चुकी है। हालांकि इससे पहले इस बार बैंक में खाताधारक किसानों का ई-केवाईसी किया जाना है, इसलिए पिछले एक सप्ताह से किसान बड़ी संख्या में बैंक पहुच रहे हैं, जिससे बैंक में फिर से रौनक देखने को मिल रही है। शाखा प्रबंधक नरेंद्र राय ने बताया कि, इस वर्ष धान बेचने वाले सभी किसानों का ई-केवाईसी करने का आदेश आया है, इसलिए किसान अपना आधार नम्बर व खाता लेकर शाखा पहुंच कर विधिवत वेरिफिकेशन करवा रहे हैं। किसानों को लेनदेन में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, इस लिहाज से केवाईसी अनिवार्य किया गया है। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुचारू रूप से किसान अपनी रकम निकाल सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि, बेचे गए धान रकम के अलावा पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी ई-केवासी के बाद सहूलियत होगी।



### दोंदरों और नोनबिर्रा में हाथियों ने मचाई तबाही, ग्रामीण हलाकान

**कोरबा**। जिले के करतला व बालको वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालको रेंज में आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को फिर से हाथियों ने चौपट कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर पड़ोसी जिले से वापस आकर हाथियों ने बाड़ी में घुसकर जमकर तबाही मचायी है। उल्लेखनीय है कि 12 हाथियों का झुंड पिछले तीन दिनों से कोरबा वन मंडल के बालको रेंज में डेरा डाले हुए हैं। मंगलवार की रात हाथियों का झुंड दोंदरों के डूमरपारा में जा धमके थे और आधा दर्जन किसानों की फसलों को पैरों से रौंद दिया और कई किसानों के फसलों को चट कर दिये हैं। हाथी आने की वजह से पूरी रात दोंदरों व आसपास के गांव के रहने वाले लोग अपने गांव के बाहर अलाव जलाकर छतों के उपर रात गुजारने को मजबूर रहे। बताया जाता है कि देर रात को हाथियों का झुंड दोंदरों में उत्पात मचाने के बाद टापरा जंगल चला गया। जिसके उपरांत बुधवार की सुबह से देर शाम तक टापरा जंगल में ही डेरा जमाया हुआ है।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग पिता से मारपीट, दुकान में लगाई आग, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर बुजुर्ग पिता से मारपीट कर किराना दुकान में लगाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, जलसो निवासी लल्लू लाल श्रीवास्तव 78 साल का बेटा राजेश श्रीवास्तव शराब पीने का आदी है। 17 नवंबर को शाम 4 बजे घर आकर अपने पिता लल्लूलाल से पैसा मांगा, उन्होंने उसे 500 रुपए दे दिया। उसके बाद राजेश अपने दोस्त मुरली तिर्की के साथ घर आकर अपने पिता से फिर से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर बेटे ने पिता से मारपीट करने के बाद उनके किराना दुकान में आग लगा दी। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 119, 1, 326 जी, 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। बुधवार को टीआई भावेश सेंडे ने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी राजेश श्रीवास्तव व मुरली तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रोफेसर के सूने मकान से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** प्रोफेसर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अमेरी रोड सेंट फ्रांसिंस स्कूल के पास कृष्णा पैलेस निवासी विष्णु कुमार वर्मा अकलतरा गर्वमेंट कालेज में प्रोफेसर हैं। 4 नवंबर को सुबह 8 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर वे पत्नी मोनिका वर्मा के साथ बेटी के घर पुणे महाराष्ट्र चले गए थे। 19 नवंबर को रात 1 बजे वे वापस आए और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़ा था व आलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे चांदी की सिंदूरी डिब्बा, चार जोड़ी पायल, 50 हजार रुपए नकद गायब था। पीछे का दरवाजे का ताला तोड़कर उनके घर में चोरी की गई है। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लोहे का सरिया बेचने का झांसा देकर 1 लाख की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** लोहे का सरिया बेचने का झांसा देकर 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, पचपेड़ी निवासी टाइल्स दुकान के संचालक ईश्वर प्रसाद महिलांगे ने रिपोर्ट लिखाई। 29 अक्टूबर को उनके मोबाइल नम्बर पर अननोन नम्बर से फोन आया, फोन करने वाले ने अपना नाम जयप्रकाश लहरे बिलासपुर का ठेकेदार होना बताया। दोनों के बीच लोहे का सरिया बेचने का सौदा हुआ और उसने दूसरे दिन सरिया भेजने की बात कही। 30 अक्टूबर को उक्त मोबाइल धारक ने फोन कर बताया, ट्रैक्टर में सरिया उनकी दुकान में पहुंच गया है। उसके बाद उन्होंने उक्त मोबाइलधारक के बताए गए बैंक खाते में आनलाइन 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने ट्रैक्टर ड्राइवर से संपर्क किया तो उसने कहा ठेकेदार ने पेमेंट नहीं होने पर सरिया खाली करने से मना कर दिया और वह सरिया लेकर लौट गया। उन्होंने उक्त मोबाइलधारक से संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पढ़ाना छोड़कर गुरुजी कर रहे दूसरे काम, 20 हजार शिक्षकों कमी, सरकार 50 से ज्यादा गैर शैक्षिक कार्य करवा रही

## संगठनों ने किया सवाल

### शिक्षक स्कूल की पढ़ाई देखें या सरकारी कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षक का काम पढ़ाना है, लेकिन आज उससे वही काम सबसे कम कराया जा रहा है। हाल यह है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 20 हजार से अधिक शिक्षकों कमी बनी हुई है तो इधर जो शिक्षक हैं भी उनसे सरकार 50 से ज्यादा गैर शैक्षिक कार्य करवा रही है। वो भी तब जब शिक्षा का अधिकार कानून में साफ तौर पर इसकी मनाही है।

- गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि गुणवत्ता पर फोकस किया जा सके

गैर शैक्षिक कार्यों का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि प्रदेश में 30 हजार से ज्यादा शिक्षक तो बीएलओ कार्य से जुड़े हैं। इसके अलावा चुनाव, बाढ़ राहत से लेकर जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सुधार, बीएलओ ड्यूटी, खेल महोत्सव, गिरदावली और स्वास्थ्य सर्वे तक,हर सरकारी जिम्मेदारी शिक्षक के सिर पर डाल दी जाती है। गौरतलब है कि आरटीई एक्ट 2009 की धारा 27 के अनुसार किसी भी शिक्षक को 10 वर्षीय जनगणना, आपदा राहत कार्यों, पंचायतीराज संस्थाओं, स्थानीय निकायों, विधान मण्डलों, विधान सभा और संसदीय चुनाव के अलावा कोई कार्य नहीं करवाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट व शासन भी शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्य में नहीं लगाने के कई आदेश जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद प्रदेश के शिक्षक गैर शैक्षिक कार्यों के लिए मजबूर हैं।

### कार्रवाई की दी जाती है चेतावनी

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त ही नहीं किया जा रहा बल्कि मना करने पर सस्पेंड करने की धमकी दी जाती है। हालात यह हैं कि एक ही स्कूल में आधे शिक्षक बीएलओ ड्यूटी पर हैं, किताबें समय पर नहीं पहुंच रही हैं। पढ़ाई ठप है। शिक्षकों को पढ़ाने से ज्यादा ऐप और पोर्टल के जाल में उलझा दिया गया है। एसआईआर के तहत हजारों शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया है, जिससे पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

### लगाई गुहार, हमें बच्चों को पढ़ाने दिया जाए

शिक्षकों के अनुसार ऐप आधारित कार्यों का इतना बोझ है कि वे क्लास में पढ़ाने की बजाय फोटो और वीडियो अपलोड करने में व्यस्त रहते हैं। यदि कोई शिक्षक क्लास में मोबाइल पर ये काम करता है, तो लोगों में गलत धारणा फैला दी जाती है कि वह पढ़ाई छोड़ मोबाइल चला रहा है। शिक्षकों ने यह भी कहा कि सरकार की नीति से यह साफ झलकता है कि बच्चों की पढ़ाई उसकी प्राथमिकता में नहीं है। शिक्षकों ने साफ कहा कि "हमें बच्चों को पढ़ाने दिया जाए, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस किया जा सके।

### दबाव में हैं शिक्षक

इन कार्यों में लगने वाला समय कक्षा में उनकी उपलब्धता को प्रभावित करता है, जिससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होते हैं। इसी के साथ ही पढ़ाई के साथ इन तमाम कार्यों के दबाव में वे मानसिक और शारीरिक रूप से टूट रहे हैं, जबकि परीक्षा परिणाम खराब होने पर उन्हें ही दोषी ठहराया जाता है। पदाधिकारियों के मुताबिक राज्य शासन जहां शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मना रहा है, वहीं जिनके कंधों पर शिक्षा सुधार की जिम्मेदारी है, उन्हीं गुरुजियों से शिक्षा के अलावा दूसरे सारे काम कराए जा रहे हैं।

**- संजय शर्मा,** अध्यक्ष, शिक्षक संघ

### यह सब कार्य कर रहे हैं शिक्षक

- लोकसभा से लेकर निगम और पंचायत चुनाव तक में ड्यूटी
- बीएलओ व जनआधार पंजीकरण
- मतदाता जागरूकता
- माटी पूजन कार्यक्रम
- महतारी वंदन योजना
- राशन कार्ड में ड्यूटी
- ओबीसी सर्वेक्षण - जनगणना
- पशु गणना
- मकान गणना
- आधार अपडेशन
- साइकिल वितरण
- स्वच्छता अभियान
- पढ़ई तुंहर द्वार
- सुघर पढव्या
- मिड- डे मील
- छात्रवृत्ति योजना में ड्यूटी
- न्योता भोजन
- माताओं का उन्मुखीकरण सम्मेलन
- स्कूल जतन योजना
- वैक्सीनेशन ड्यूटी
- विभिन्न कार्यालयों में संलग्नता
- शौचालय सत्यापन ड्यूटी
- समस्या निवारण शिविर ड्यूटी
- हाउस होल्ड सर्वे ड्यूटी
- सामाजिक कुरीति जागरूकता
- बाल विवाह जागरुकता
- आयुष्मान कार्ड ड्यूटी

## कोहरे के कारण सारनाथ के पहिए रोकने का दे दिया आदेश

# तीन माह सारनाथ रद्द, 5 लाख से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित

रेल प्रशासन को दो माह पहले ही ठंड और कोहरे के कारण दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली अप-डाउन सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए को तीन माह के लिए रोकने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के आदेशानुसार सारनाथ एक्सप्रेस 1 दिसम्बर से 15 फरवरी तक अलग-अलग तिथियों में यानि 64 दिन तक रद्द की जाएगी, जिसके कारण छपरा से दुर्ग और दुर्ग से छपरा के बीच आने जाने वाले 5 लाख 76 हजार यात्रियों को सफर प्रभावित होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो चार स्टेट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार तक यात्रियों को सफर कराती है। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, मुंगेली सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करते हैं।

इसमें ज्यादातर संख्या अस्थि विसर्जन करने वाले लोगों की होती है, जो इलाहाबाद तक सफर करते हैं। यही ट्रेन पितृ पक्ष के समय इलाहाबाद के साथ बनारस और गया तक भी जाती है। यात्रियों की भीड़ के कारण सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच को छोड़कर स्लीपर और एसी कोच भी पूरे साल भर फुल रहते हैं, जिसमें कंफर्म टिकिट भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। प्रदेश की महत्वपूर्ण ट्रेन दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस वर्तमान में बिलासपुर के बजाय उसलापुर से डायवर्ट कर दी गई है। प्रतिवर्ष रेल प्रशासन ठंड और उत्तर भारत की ओर कोहरे की वजह से सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को तीन माह के लिए बंद करने का आदेश देती है। रेल अफसरों ने आगामी कोहरे को देखते हुए सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को 1 दिसम्बर से 15 फरवरी 2026 यानि तीन माह के लिए अलग-अलग दिनों में रोके जाने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।



### प्रतिदिन सफर करने वाले 72 सौ यात्री

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सारनाथ एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें सतना, मैहर के साथ इलाहाबाद, बनारस और गया की ओर यात्री सफर करते हैं। इस ट्रेन में दुर्ग के अलावा रायपुर, भाटापारा, उसलापुर सहित बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा व अन्य ऐसे जिले जहां ट्रेन का स्टापेज नहीं है। उन जिले से भी यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि इलाहाबाद से पहले नैनी के लिए सारनाथ एकमात्र ट्रेन की सुविधा उन्हें मिल जाती है। इसके अनुसार जनरल कोच, स्लीपर कोच और एसी कोच में करीब 72 सौ यात्री सफर करते हैं। इसी तरह छपरा से दुर्ग तक आने वाली सारनाथ की भी स्थिति है। इसकी वजह से ट्रेन में साल भर वेटिंग की स्थिति बनी रहती है।

### इस दिन रद्द रहेगी छपरा-दुर्ग सारनाथ

15159 छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसम्बर से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रोकी जाएगी। इसमें 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 को, फरवरी माह में 2, 4, 7, 9, 11, 14 तारीख को ट्रेन रद्द की जाएगी। इन तिथियों को छोड़कर सारनाथ अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी।

### दुर्ग-छपरा सारनाथ 15 तक रद्द

छपरा से दुर्ग की तरह 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द किया गया है। इसमें 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15 तारीख शामिल है।

# तीन मंजिला व्यावसायिक भवन के निर्माण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा था। लोगों की शिकायत और हरिभूमि द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाने के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और काम बंद करा दिया गया है। निगम ने अवैध निर्माण कर्ता से दस्तावेज मांगे हैं लेकिन इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है। निगम ने तोड़फोड़ के साथ ही सामान जब्ती की चेतावनी दी है।

- लोगों की शिकायत के बाद पहुंची निगम की टीम

गौरतलब है कि शहर बढ़ने के साथ ही अवैध निर्माण की भी बाढ़ सी आ गई है। हर तरफ बिना अनुमति या नक्शे के खिलाफ काम जारी है। इसी तरह गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने निगम के साथ ही जोन आफिस से की है। क्षेत्र के सीएल सूर्यवंशी द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि इस निर्माण के लिए टाउन कंट्री प्लैनिंग, पीडब्ल्यूडी, व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही निगम के के इंजिनियर, जोन कमिश्नर और पटवारी पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में सड़क में ट्रैफिक की समस्या की बात भी कही गई है। हरिभूमि ने मामले को उठाया तो बुधवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले काम बंद कराया। इस दौरान निर्माण कर्ता द्वारा विरोध किया गया। निगम की टीम ने दस्तावेज मांगे तो उपलब्ध नहीं कराया गया। निगम ने तीन दिन का मौका दिया है। इसके बाद विधिवत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### की गई है कार्रवाई

गंगाश्री टाकीज के पास राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा था। शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और काम बंद करा दिया गया है। निगम ने अवैध निर्माण कर्ता से दस्तावेज मांगे हैं लेकिन इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है। निगम ने तोड़फोड़ के साथ ही सामान जब्ती की चेतावनी दी है।

**- अनुपम तिवारी**
भवन शाखा अधिकारी

### रसूखदारी ने रोकी पुराने बसस्टैंड की कार्रवाई

शिव टॉकीज चौक से पुराना बसस्टैंड के बीच में स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यहां 40 फीट चौड़ी सड़क थी, लेकिन एक रसूखदार ने आधे हिस्से यानी 20 फीट पर कब्जा कर वहां किचन का निर्माण करा लिया है। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से शिकायत करते हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। निगम की ओर से तीन बार नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगा गया लेकिन अवैध कब्जाधारी ने जवाब तक नहीं दिया। निगम ने तहसीलदार को सीमांकन के लिए पत्र लिखा है। सीमांकन के बाद इस मामले में तोड़फोड़ की बात कही जा रही है। बुधवार को निगम की टीम यहां भी पहुंची लेकिन एक बार फिर रसूखदारी ने कार्रवाई रुकवा दी।

# टीआई की कार से टकराई बाइक, महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरी चौक पर टीआई की कार से बाइक की टक्कर हो गई, उक्त बाइक एक महिला से टकरा गई, जिससे महिला घायल हो गई।

बुधवार को दोपहर में अमेरी रेलवे फाटक के पहले तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 9904 के चालक ने एक बाइक व एक महिला को टक्कर मार दी। लोगों ने दौड़ाकर कार को रोका तो पता चला कि कार एक वर्दीधारी चला रहे थे, उन्हें देखकर भीड़ शांत पड़ गई। लोगों के कहने पर उक्त वर्दीधारी ने घायलों को अपनी गाड़ी से नेहरू नगर एक निजी अस्पताल में छोड़ा। घायल महिला का नाम संतोषी श्रीवास, युवक का नाम मुकेश त्रिपाठी बताया जा रहा है। घायल महिला के परिजन ने बताया, कार चालक का नाम टीआई अनिल अग्रवाल था। घटना की रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।



चौराहे पर हुई टक्कर के बाद घायल हुई महिला।

### टीआई का फोन आया था

टीआई अनिल अग्रवाल ने फोन कर बताया है कि वे ड्यूटी में जा रहे थे। उनकी कार से बाइक सवार युवक टकरा गया और बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई है। कोई भी पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया है।

**-एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के एसआई अमृत साहू ने बताया, सिरगिट्टी नवापारा निवासी प्रिंस बंजारे पिता द्वारिका बंजारे 21 साल एक अन्य साथी के साथ मंगलवार की रात 12.30 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन से बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान स्टेशन रोड में तेज रफ्तार से डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पुलिस उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

# बड़े भाई पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** फोन कर बड़े भाई को बुलाकर छोटे भाई ने चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना पुलिस के अनुसार, दारसागर निवासी मो. यासिन अंसारी ने रिपोर्ट लिखाई। 15 नवंबर को रात 9 बजे उनको छोटे भाई साहिल अंसारी ने फोन कर पुराना तहसील चौक के पास मिलने बुलाया। वे मिलने के लिए गए तो साहिल अंसारी ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। छुट्टी होने के बाद वह रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर छोटे भाई साहिल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 1, 296, 351,, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# फाइनेंस की गाड़ी को बेचा, कंपनी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परिवाद पर फाइनेंस की गाड़ी को सीज कर बेचने के मामले में पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, मुढ़ीपार लोहारपारा वार्ड क्रमांक 4 निवासी नरेन्द्र कुमार रात्रे पिता घनश्याम प्रसाद रात्रे 41 साल ने 10 फरवरी 2016 को आयशर क्रमांक सीजी 10 एबी, 2169 कीमत 15 लाख 7 हजार 680 को 3 लाख 21 हजार 388 रुपए डाउन पेमेंट कर शेष राशि 12 लाख 50 हजार रुपए व्यापार विहार शाखा बैंक इण्डसण्ड फाईनेंस कंपनी से फायनेंस कराया था। जिसकी मासिक किश्त 33 हजार 100 थी। उनके द्वारा किश्त की राशि चेक व नकद के माध्यम से समयावधि में जमा की जा रही थी। 3 फरवरी 2017 को धरसींवा चौकी सिलयारी पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर लिया था। उसके बाद भी उन्होंने किस्त की राशि 50 हजार रुपए भुगतान किया।

- वाहन सीज कर ले गए और बिना जानकारी के उक्त वाहन को दूसरे को बेच दिया

उसके बाद वे किश्त की राशि नहीं पटा पा रहे थे। 6 जुलाई 2020 को उन्होंने उक्त वाहन कोर्ट से आदेश पर सुपुर्दनामा लिया।

फाइनेंस कंपनी के द्वारा उनके खिलाफ धारा 138 के तहत मामला करने पर वे 5 - 5 हजार का भुगतान करते आ रहे थे। 16 दिसंबर 2023 को उक्त मामला नेशनल अदालत में राजीनामा हो गया था। उक्त वाहन उनके घर में खड़ा था। शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार वीरबहादुर राय व एक अन्य 21 अक्टूबर 2021 को उक्त वाहन सीज कर ले गए और उन्हें बिना जानकारी के उक्त वाहन को दूसरे को बेच दिया। पुलिस ने परिवाद के आधार पर शाखा प्रबंधक इण्डसण्ड बैंक फाइनेंस कंपनी व अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।